संस्थान ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह–2019 मनाया

संस्थान में दिनांक 28–10–2019 से 02–11–2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2019 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का मुख्य उदेश्य भ्रष्टाचार को कम करने के लिए लोगों में जागरुकता फैलाना हैं। इस कार्यक्रम की शुरुवात दिनांक 28.10.2019 को सभी वैज्ञानिको, अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा **"ईमानदारी की प्रतिज्ञा"** लेकर की गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार **"ईमानदारी –एक जीवन शैली"** विषय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें संस्थान के कर्मचारियों एवं स्कूल के छात्रों ने बढ–चढ कर भाग लिया। **"भ्रष्टाचार उन्मूलन में ईमानदारी का योगदान"** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता एवं **"हमारी कार्यशाली में नैतिक मूल्यों का महत्व"** विषय पर भाषण प्रतियोगिता में डॉ. विनोद कदम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। केन्द्रीय विद्यालय अविकानगर के छात्रों के लिए आयोजित **"ईमानदारी सर्वश्रेष्ठ निति है"** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा गरिमा विजय एवं **"नैतिक मूल्यों"** विषय पर नारा (स्लोगन) लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 6 की छात्रा हर्षिता मान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन गतिविधियों के अतिरिक्त संस्थान के कार्यालयों के मुख्य– मुख्य स्थानों पर प्रेरणा स्रोत के रूप में ईमानदारी के उपर महापुरूषों के अनमोल वचन स्लोगन/नारों के रूप में प्रदर्शित किये गये। दिनांक 02.11.2019 को संस्थान के सभागर में कार्यकारी निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी की अध्यक्षता में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन हुआ जिसमें संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार ने **"निवारक सतर्कता के उपाय"** तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री सुरेश कुमार ने संस्थान की **"नितियां एवं प्रक्रियाएं"** विषय पर व्याख्यान दिये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. एम. के. नकवी ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह की थीम **"ईमानदारी –एक जीवन शैली"** को ध्यान में रखते हुए सभी वैज्ञानिको, अधिकारियों एवं कर्मचारियो से आहव्यान किया कि वे अपने कार्यो में पारदर्शिता दर्शाये तथा भ्रष्टाचार ना करने का संकल्प लें।

संस्थान के कर्मचारी "ईमानदारी की प्रतिज्ञा" लेते हुए

संस्थान में मुख्य– मुख्य स्थानों पर ईमानदारी पर स्लोगन प्रदर्शन

सतर्कता अधिकारी व्याख्यान देते हुए

समापन समारोह में उपस्थित कर्मचारीगण

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी व्याख्यान देते हुए

भावना पूनिया (कक्षा 7) तृतीय पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

अल्पना मीणा (कक्षा 8) द्वितीय पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

हर्षिता मान (कक्षा 6) प्रथम पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

वत्सल गौतम (कक्षा 11) तृतीय पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

पृथ्वीराज बडगुर्जर (कक्षा 11) द्वितीय पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

गरिमा विजय (कक्षा 12) प्रथम पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

डॉ विनोद कदम प्रथम पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

श्री चन्द्र प्रकाश टेलर द्वितीय पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

डॉ रजनी कुमार पॉल तृतीय पुरूस्कार प्राप्त करते हुए

डॉ सिद्धार्थ मिश्रा, निर्णायक मंडल के सदस्य

डॉ विजय कुमार, निर्णायक मंडल के सदस्य

डॉ देवेन्द्र कुमाार, सतर्कता अधिकारी

डॉ एस.एम.के नकवी सभा को संबोधित करते हुए